### पार्किंग बनेगी, महिला स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स मई तक पूरा हो जाएगा

# दूरदर्शन की रिक्त भूमि पर व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनेगा



रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मंगलवार दोपहर नेहरू स्टेडियम पहुंचकर नगर निगम द्वारा निर्मित कराए गए पवेलियन का निरीक्षण किया। 3 करोड रुपए की लागत से बनाए गए पवेलियन की सुंदरता के लिए कलेक्टर ने सीढ़ियों पर कलर के निर्देश दिए। रोड साइड से लाइटिंग के भी निर्देश दिए। नेहरू स्टेडियम मैदान का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने मौजूद निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया कि रोशनी तथा सुंदरता के दृष्टिगत स्टेडियम में हाई मास्ट लगाए जाएं। मैदान में कई स्थानों पर पूर्व से मौजूद खंभों को हटाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्टेडियम के आगे निर्मित रोटरी गार्डन का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा दूरदर्शन रिले केंद्र की रिक्त भूमि का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त को निर्देशित किया कि अब रिक्त भूमि पर व्यावसायिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण की योजना तैयार करें। साथ ही यहां पार्किंग भी बनाई जाएगी, रोटरी गार्डन की साफ-सफाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नेहरू स्टेडियम के संपूर्ण मैदान का निरीक्षण करते हुए एथलेटिक्स ट्रेक, बास्केटबॉल ग्राउंड एवं नियोजित ढंग से क्रिकेट मैदान तैयार करने के निर्देश दिए। स्टेडियम तथा रोटरी गार्डन के मध्य की सड़क को भी नए सिरे से बनाया जाएगा।

कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम द्वारा मूक बधिर जनचेतना स्कूल परिसर में निर्माणाधीन वुमेन्स स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का भी निरीक्षण किया गया। लगभग 72 लाख रुपए की लागत से निर्मित किए जा रहे उक्त कांप्लेक्स में टेबल टेनिस, बैडमिंटन हॉल की सुविधा रहेगी। ठेकेदार को बुलाया गया, उसने बताया कि ड्राइंग नहीं मिल पा रही है। निगमायुक्त ने कहा कि दो दिन में ड्राइंग उपलब्ध करा दी जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी 15 मई तक निर्माण पूर्ण कर दिया जाए। कलेक्टर द्वारा मूक बधिर जनचेतना स्कूल का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान निगम की उपयंत्री सुश्री दीक्षा निजामपुरकर भी मौजूद थी।

इन्दौर समाचार २/२/२२

# रतलाम को नम्बर वन बनाने के लिए आधी रात तक सक्रिय रहते है निगमा

प्रसारण न्यूज • रतलाम

स्वच्छता के मामले में इन्दौर लगातार पहले नम्बर पर बना हुआ है, लेकिन अब रतलाम को भी नम्बर वन बनाने की कोशिशें तेज हो रही है। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया स्वयं स्वच्छता अभियान को आधी रात तक सक्रिय रहते है और रात के वक्त की जाने वाली सफाई का जायजा लेते रहते है।

पिछले दो-तीन वर्षों से स्वच्छ सर्वेक्षण में ऊंचा मुकाम हांसिल करने के लिए नगर निगम द्वारा कई प्रयास किए जा रहे है। इन प्रयासों के चलते शहर सी स्वच्छता का स्तर भी सुधरा है और स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम की रैंकिंग भी सुधरी है, लेकिन पहला नम्बर अब भी नहीं मिल पाया है। निगमायुक्त श्री झारिया ने अब रतलाम को नम्बर वन बनाने के लिए अपने प्रयास और तेज कर दिए है।

शहर की प्रमुख सडकों की सफाई के लिए अब मध्य रात्रि का समय निर्धारित किया गया है,ताकि स्वच्छताकर्मी ट्रैफिक की समस्या में उलझे बिना सडकों को चमका सके। शहर की तमाम प्रमुख सडकों पर आधी रात के बाद सफाईकर्मियों को काम करते हुए देखा जा सकता है। आधी रात के बाद की जाने वाली सफाई के काम में कसावट लाने के लिए निगमायुक्त श्री झारिया खुद आधी रात के बाद स्वच्छता के कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण करने निकल पडते है।

सोमवार रात को आयुक्त श्री झारिया रात करीब साढे बारह बजे पावर हाउस रोड जा पंहुचे। श्री झारिया ने पावर हाउस रोड पर सफाई कर रहे सफाई कर्मियों को उनकी कर्मठता के लिए प्रशंसा करते हुए उनका हौसला बढाया। कडाके की ठण्ड के मौसम में आधी रात के वक्त सडकों की सफाई करना आसान काम नहीं है,लेकिन वरिष्ठ अधिकारी के मौके पर पंहुचने से कर्मचारियों का उत्साह भी बढ जाता है।

पावर हाउस रोड पर आधी रात को सफाईकार्यों का निरीक्षण कर रहे निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने अपने संकल्प को दोहराया कि इस बार रतलाम को स्वच्छ सर्वेक्षण में नम्बर वन बनाना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के इस अभियान को नागरिकों का पूरा सहयोग मिल रहा है और उन्हें उम्मीद है कि शहर के नागरिक एक टीम की तरह काम करके इस बार रतलाम को नम्बर वन बनाने में जरुर सफल होंगे।



## कचरा संग्रह

शहर में घर घर जाकर सूखा व गी
अभियान भी शहर में सफलता पू
संग्रहित गीले व सूखे कचरे को
जुलवानिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउण्ड
आंकडों को देखें तो प्रतिदिन टन
रहा है।आंकडों के मुताबिक पि
151 मैट्रिक टन कचरा जुलवा
जनवरी को 79 टन, 30 जनवरी
कुल 61 टन कचरा जुलवानिया
खाद बनाने का काम कया जा
अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है।

प्रसारण 2/2/22

# वार्ड क्रमांक-4 में सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन

रतलाम। शहर विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयासों से नगर में सड़कों के नवनिर्माण का कार्य आरंभ हो गया है। मंगलवार को भाजपा अम्बेडकर मण्डल के वार्ड नंबर 4 में अम्बर किराना के सामने सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित विशेष रूप उपस्थित रहे। मण्डल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या ने बताया कि भूमिपूजन कार्य पूर्व जिलाध्यक्ष श्री पुरोहित, मुखर्जी मण्डल अध्यक्ष मयुर पुरोहित ने सम्पन्न किया। इस दौरान पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया, मण्डल महामंत्री विनोद यादव, लोकेश जायसवाल, उपाध्यक्ष भरत तंवर, हर्ष जाधव, किशोर लोदवाल, प्रवीण दीक्षित, विजय पाण्डे, पूजा शर्मा, कोषाध्यक्ष धरमवीरसिंह, मीडिया प्रभारी अंकित कुशवाह, मण्डल मंत्री किरण महावर, कार्यालय मंत्री कमल गुरनानी, अजा मोर्चा जिला मंत्री ज्योति खण्डेलवाल, जिला उपाध्यक्ष किशोर बड़गोत्या, भाजपा नेता सुभेन्द्रसिंह गुर्जर, सरोज गुप्ता, अनुज शर्मा, अश्विनी शर्मा, सुनील पाल, हेमंत दावरे, पूनम ठाकुर, राजेश दुग्गल, सुनील जोशी, चेतन मदान, दिलीप राठौर, रवि व्यास, विश्णुदत्त नागर, रवि सोलंकी, सज्जनसिंह, विजयराजसिंह, रविकांत सोलंकी, गीतांजलि महावर, रजनी गोठवाल आदि मौजूद रहे।

अवन्तिका

अवन्तिका 2/2/22

# नम्बर वन बनाने के लिए आधी रात तक सक्रिय रहते है निगमायुक्त झारिया

पाया है। निगमायुक्त श्री झारिया ने अब रतलाम को नम्बर वन बनाने के लिए अपने प्रयास और तेज कर दिए है।

शहर की प्रमुख सडकों की सफाई के लिए अब मध्य रात्रि का समय निर्धारित किया गया है,ताकि स्वच्छताकर्मी ट्रैफिक की समस्या में उलझे बिना सडकों को चमका सके। शहर की तमाम प्रमुख सडकों पर आधी रात के बाद सफाईकर्मियों को काम करते हुए देखा जा सकता है। आधी रात के बाद की जाने वाली सफाई के काम में कसावट लाने के लिए निगमायुक्त श्री झारिया खुद आधी रात के बाद स्वच्छता के कार्यो का आकस्मिक निरीक्षण करने निकल पडते है।

सोमवार रात को आयुक्त श्री झारिया रात करीब साढे बारह बजे पावर हाउस रोड जा पंहुचे। श्री झारिया ने पावर हाउस रोड पर सफाई कर रहे सफाई कर्मियों को उनकी कर्मठता के लिए प्रशंसा करते हुए उनका हौसला बढाया। कडाके की ठण्ड के मौसम में आधी रात के वक्त सडकों की सफाई करना आसान काम नहीं है,लेकिन वरिष्ठ अधिकारी के मौके पर पंहुचने से कर्मचारियों का उत्साह भी बढ जाता है।

पावर हाउस रोड़ पर आधी रात को सफाईकार्यो का निरीक्षण कर रहे निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने अपने संकल्प को दोहराया कि इस बार रतलाम को स्वच्छ सर्वेक्षण में नम्बर वन बनाना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के इस अभियान को नागरिकों का पूरा सहयोग मिल रहा है और उन्हें उम्मीद है कि शहर के नागरिक एक टीम की तरह काम करके इस बार रतलाम को नम्बर वन बनाने में जरुर सफल होंगे।



## कचरा संग्रहण मे भी अव्वल

शहर में घर घर जाकर सूखा व गीला कचरा संग्रहित करने का अभियान भी शहर में सफलता पूर्वक चल रहा है। शहर के घरों से संग्रहित गीले व सूखे कचरे को अलग अलग कर प्रतिदिन जुलवानिया स्थित ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पंहुचाया जा रहा है। निगम के आंकडों को देखें तो प्रतिदिन टनों कचरा जुलवानिया पंहुचाया जा रहा है। आंकडों के मुताबिक पिछले महीने 26 व 27 जनवरी को 151 मैट्रिक टन कचरा जुलवानिया पंहुचाया गया। जबकि 29 जनवरी को 79 टन, 30 जनवरी को 44 टन और 31 जनवरी को कुल 61 टन कचरा जुलवानिया पंहुचाया गया। इस कचरे से अब खाद बनाने का काम कया जा रहे है,जिससे नगर निगम को अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है।

प्रसार०/

प्रसार०/ २/२/२२

# मॉस्क लगाएं, दूरी बनाएं

रतलाम, नप्र। रतलाम शहर सहित जिले के नागरिक कोरोना वायरस संक्रमण से बचने के लिए मास्क जरूरी रूप से लगाकर शारीरिक दूरी का पालन जिम्मेदारी के साथ करें। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपील करते हुे कहा कि सभी नागरिक कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के संबंध में दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। कलेक्टर ने नागरिकों से कहा कि रतलाम जिले में कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण के तहत टीके लगाए जा रहे हैं। टीके लगाकर अपने आपको सुरक्षित करने के अलावा दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। प्र.कि.।

प्रभात किरण 1/2/22

# 103 नए संक्रमित मिले, रतलाम शहर के सिर्फ तीन

रतलाम | जिले में कोरोना पॉजिटिव केस धीरे धीरे कम हो रहे हैं। मंगलवार को 103 नए संक्रमित मिले। इनमें 2 बच्चे भी शामिल हैं, जिनकी उम्र 9 और 11 साल है। मंगलवार को मिले पॉजिटिव में रतलाम शहर के सिर्फ तीन ही संक्रमित हैं। इनमें एक महिला सुयोग परिसर और दो बच्चे चांदनी चौक के हैं। बाकी ग्रामीण क्षेत्र के पॉजिटिव है जिनमें पिपलौदा, नामली, बाजना, जावरा के संक्रमित है। जिले में कुल संक्रमित 20229 हो गए हैं। मंगलवार को 132 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 826 है। इधर, इंदौर में मंगलवार को कोरोना के 1438 नए मामले मिले। तीन लोगों की मौत हुई। एक ही दिन में 1378 मरीज ठीक भी हुए हैं। हालांकि संक्रमण की रफ्तार में कमी से कुछ राहत है। एक्टिव मरीजों की संख्या फिलहाल 10 हजार से ज्यादा बनी हुई है, लेकिन सभी होम आइसोलेशन में हैं। कोविड अस्पतालों की बात करें तो अभी 222 मरीज भर्ती हैं, जबकि कोविड केयर सेंटर खाली पड़े हैं। भास्कर

दै. भास्कर 2/2/22

# स्टेडियम मैदान के खंभें हटेंगे, रोशनपी के लिए हाई मास्ट लगेंगे

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मंगलवार दोपहर नेहरू स्टेडियम पहुंचकर नगर निगम द्वारा निर्मित कराए गए पवेलियन का निरीक्षण किया। 3 करोड रुपए की लागत से बनाए गए पवेलियन की सुंदरता के लिए कलेक्टर ने सीढ़ियों पर कलर के

## ▸ कलेक्टर ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

निर्देश दिए। रोड साइड से लाइटिंग के भी निर्देश दिए।

नेहरू स्टेडियम मैदान का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने मौजूद निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया कि रोशनी तथा सुंदरता के दृष्टिगत स्टेडियम में हाई मास्ट लगाए जाएं। मैदान में कई स्थानों पर पूर्व से मौजूद खंभों को हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नेहरू स्टेडियम के संपूर्ण मैदान का निरीक्षण करते हुए एथलेटिक्स ट्रेक, बास्केटबॉल ग्राउंड एवं नियोजित ढंग से क्रिकेट मैदान तैयार करने के निर्देश दिए। स्टेडियम तथा रोटरी गार्डन के मध्य की सड़क को भीं नए सिरे से बनाया जाएगा।



कलेक्टर पुरुषोत्तम द्वारा मूक बधिर जनचेतंना स्कूल परिसर में निर्माणाधीन वुमेन्स स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का भी निरीक्षण किया गया। लगभग 72 लाख रुपए की लागत से निर्मित किए जा रहे उक्त कांप्लेक्स में टेबल टेनिस, बैडमिंटन हॉल की सुविधा रहेगी। ठेकेदार को बुलाया गया, उसने बताया कि ड्राइंग नहीं मिल पा रही है। निगमायुक्त ने कहा कि दो दिन में ड्राइंग उपलब्ध करा दी जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी 15 मई तक निर्माण पूर्ण कर दिया जाए। कलेक्टर द्वारा मूक बधिर जनचेतना स्कूल का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान निगम की उपयंत्री दीक्षा निजामपुरकर भी मौजूद थी।

## बनेगा व्यवसायिक शॉपिंग कॉन्प्लेक्स

कलेक्टर ने स्टेडियम के आगे निर्मित रोटरी गार्डन का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा दूरदर्शन रिले केंद्र की रिक्त भूमि का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त को निर्देशित किया कि अब रिक्त भूमि पर व्यावसायिक शॉपिंग कॉन्प्लेक्स निर्माण की योजना तैयार करें। साथ ही यहां पार्किंग भी बनाई जाएगी, रोटरी गार्डन की साफ-सफाई के निर्देश दिए।



नवभारत

नवभारत २/२/२२

# दूरदर्शन की रिक्त भूमि पर व्यावसायिक काम्पलेक्स बनेगा

## पार्किंग बनेगी, महिला स्पोर्ट्स काम्पलेक्स मई तक पूरा हो जाएगा कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने किया निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने मंगलवार दोपहर नेहरू स्टेडियम पहुंचकर नगर निगम द्वारा निर्मित कराए गए पवेलियन का निरीक्षण किया। 3 करोड रुपए की लागत से बनाए गए पवेलियन की सुंदरता के लिए कलेक्टर ने सीढ़ियों पर कलर के निर्देश दिए। रोड साइड से लाइटिंग के भी निर्देश दिए। नेहरू स्टेडियम मैदान का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने मौजूद निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया कि रोशनी तथा सुंदरता के दृष्टिगत स्टेडियम में हाई मास्ट लगाए जाएं। मैदान में कई स्थानों पर पूर्व से मौजूद खंभों को हटाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्टेडियम के आगे निर्मित रोटरी गार्डन का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा दूरदर्शन रिले केंद्र की रिक्त भूमि का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त को निर्देशित किया कि अब रिक्त भूमि पर व्यावसायिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण की योजना तैयार करें। साथ ही यहां पार्किंग भी बनाई जाएगी, रोटरी गार्डन की साफ-सफाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नेहरू स्टेडियम के संपूर्ण मैदान का निरीक्षण करते हुए एथलेटिक्स ट्रेक, बास्केटबॉल ग्राउंड एवं नियोजित ढंग से क्रिकेट मैदान तैयार करने के निर्देश दिए। स्टेडियम तथा रोटरी गार्डन के मध्य की सड़क को भी नए सिरे से बनाया जाएगा।

कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम द्वारा मूक बधिर जनचेतना स्कूल परिस में निर्माणाधीन वुमेन्स स्पोट् काम्प्लेक्स का भी निरीक्षण कि गया। लगभग 72 लाख रुपए लागत से निर्मित किए जा रहे उ कांप्लेक्स में टेबल टेनि बैडमिंटन हॉल की सुविधा रहेग ठेकेदार को बुलाया गया, उ बताया कि ड्राइंग नहीं मिल पा है। निगमायुक्त ने कहा कि दो में ड्राइंग उपलब्ध करा दी जाए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आग 15 मई तक निर्माण पूर्ण कर जाए। कलेक्टर द्वारा मूक ब जनचेतना स्कूल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान निगम उपयंत्री सुश्री दीक्षा निजामपुर भी मौजूद थी। अवन्तिका

अवन्तिका 2/2/22

## आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास ने निगम आयुक्त झारिया व अधिकारी एवं कर्मचारियों के कार्य की प्रशंसा

**रतलाम।** नगर निगम रतलाम द्वारा सी.एम. हेल्प लाईन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माह जनवरी 2022 में 93.59 प्रतिशत वेटेज स्कोर प्राप्त कर ''ए'' ग्रेड के साथ प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर आयुक्त संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, मध्यप्रदेश शासन निकुंज कुमार श्रीवास्तव आईएएस ने पत्र प्रेषित कर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी निष्ठा व समर्पण से कार्य कर रतलाम नगर निगम को उत्कृष्ट स्थान पर बनाये रखने की आशा की। सिंहम-1

सिंहम - 1/2/22

## गंदगी करने पर 4 व्यक्तियों पर किया जुर्माना

सिंहम-1

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर षहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 31 जनवरी को 4 व्यक्तियों द्वारा गंदगी करने पर जुर्माना किया। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 10 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई।



# वार्ड नंबर 4 में सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

शहर विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयासों से नगर में सड़कों के नवनिर्माण का कार्य आरंभ हो गया है। मंगलवार को भाजपा अम्बेडकर मण्डल के वार्ड नंबर 4 में अम्बर किराना के सामने सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित विशेष रूप उपस्थित रहे।

मण्डल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या ने बताया कि भूमिपूजन कार्य पूर्व जिलाध्यक्ष श्री पुरोहित, मुखर्जी मण्डल अध्यक्ष मयुर पुरोहित ने सम्पन्न किया। इस दौरान पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया, मण्डल महामंत्री विनोद यादव, लोकेश जायसवाल, उपाध्यक्ष भरत तंवर, हर्ष जाधव, किशोर लोदवाल, प्रवीण दीक्षित, विजय पाण्डे, पूजा शर्मा, कोषाध्यक्ष धरमवीरसिंह, मीडिया प्रभारी अंकित कुशवाह, मण्डल मंत्री किरण महावर, कार्यालय मंत्री कमल गुरनानी, अजा मोर्चा जिला मंत्री ज्योति खण्डेलवाल, जिला उपाध्यक्ष किशोर बड़गोत्या, भाजपा नेता सुभेन्द्रसिंह गुर्जर, सरोज गुप्ता, अनुज शर्मा, अश्विनी शर्मा, सुनील पाल, हेमंत दावरे, पूनम ठाकुर, राजेश दुग्गल, सुनील जोशी, चेतन मदान, दिलीप राठौर, रवि व्यास, विश्णुदत्त नागर, रवि सोलंकी, सज्जनसिंह, विजयराजसिंह, रविकांत सोलंकी, गीतांजलि महावर, रजनी गोठवाल आदि मौजूद रहे। प्रसारण

प्रसारण 2/2/22

## वार्ड चार में सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन

रतलाम | विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयासों से मंगलवार को वार्ड 4 में अंबर किराना के सामने सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। बजरंग पुरोहित, मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, भगतसिंह भदौरिया, विनोद यादव, लोकेश जायसवाल, पूजा शर्मा, किरण महावर आदि मौजूद रहे। भास्कर

दै. भास्कर 2/2/22

हैदराबाद की कंपनी को सौंपा काम, सर्वे रिपोर्ट उज्जैन सौंपी

# 2035 में शहर को चाहिए 50 एमएलटी पानी बढ़ती जनसंख्या को देखते अभी से तैयारी शुरू

पत्रिका स्पॉटलाइट

## आगामी माह में इस जरुरत के अनुसार काम की रुपरेखा बनेगी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर में इस समय प्रतिदिन 32 मिलीयन लीटर पानी मिल रहा है। आगामी 2035 में बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए यह जरुरत बढ़कर 50 एमएलटी हो जाएगी। इस जरुरत को समझते हुए शासन ने सर्वे करने का कार्य हैदराबाद की एक कंपनी को सौपा, जिसने अपनी रिपोर्ट उज्जैन स्थित नगरीय निकाय विभाग को सौप दी है। अब आगामी माह में इस जरुरत के अनुसार काम की रुपरेखा बनेगी।

शहर में इस समय 49 वार्डो में करीब 200 से अधिक कॉलोनियों में एक दिन छोड़कर एक दिन पेयजल वितरण हो रहा है। कस्तुरबा नगर को छोड़ शेष पूरे शहर में माह के 30 में से 15 दिन पेयजल मिलता है। इस समय धोलावाड़ से मोरवानी फिल्टर प्लांट में पानी आकर शुद्ध होता है व इसके बाद शहर की अलग-अलग पेयजल टकियों व संपवेल में पेयजल भेजा जाता है। निगम के अधिकारियों के अनुसार धोलवाड़ से मोरवानी की पेयजल पाइप लाइन पुरानी होकर जगह-जगह से लीकेज वाली हो गई है।

शासन के निर्देशों के बाद इसी माह हैदराबाद की कंपनी वायन्त ने वी चंद्रशेखर के नेतृत्व में चार सदस्यों के साथ आकर सर्वे किया। इस सर्वे में धोलवाड़ - मोरवानी - रतलाम शहर तक टीम पहुंची। इसमे बताया गया कि पेयजल पाइन लाइन को तो बदलने की जरुरत है ही इसके साथ - साथ मोरवानी व धोलवाड़ में लगी हुई मोटर को भी बदला जाना जरूरी है, क्योंकि उनकी क्षमता कम है। इसमे 2025 व 2035 की जरुरत को देखकर योजना दी गई है।

### इतनी होगी जनसंख्या

टीम लीडर के अनुसार वर्तमान में शहर की जनसंख्या 3.29 लाख है। आगामी 2025 तक 3.75 लाख व 2035 तक करीब 5 लाख होगी। ऐसे में 2035 की जनसंख्या को मान में रखकर ही योजना बनाई गई है। इस योजना की रिपोर्ट उज्जैन में नगरीय निकाय के संभागीय कार्यालय में जमा कर दी है।

### भविष्य की योजना अनुसार

निगम ने वर्ष 2025 व 2035 की संभावित जनसंख्या को मान में रखकर पेयजल की जरुरत अनुसार योजना बनाना शुरू किया है। इसके लिए शासन ने हैदराबाद की टीम को सर्वे का कार्य सौपा था, टीम ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। आगे जल्दी शासन जरुरत को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेगी। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका।

पत्रिका। २/२/२२

## दूरदर्शन की रिक्त भूमि पर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स बनेगा

# पार्किंग बनेगी, महिला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मई तक पूरा हो जाएगा

## कलेक्टर पुरुषोत्तम ने किया निरीक्षण

प्रसारण न्यूज • रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मंगलवार दोपहर नेहरू स्टेडियम पहुंचकर नगर निगम द्वारा निर्मित कराए गए पवेलियन का निरीक्षण किया। 3 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए पवेलियन की सुंदरता के लिए कलेक्टर ने सीढ़ियों पर कलर के निर्देश दिए। रोड साइड से लाइटिंग के भी निर्देश दिए। नेहरू स्टेडियम मैदान का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने मौजूद निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया कि रोशनी तथा सुंदरता के दृष्टिगत स्टेडियम में हाई मास्ट लगाए जाएं। मैदान में कई स्थानों पर पूर्व से मौजूद खंभों को हटाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्टेडियम के आगे निर्मित रोटरी गार्डन का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा दूरदर्शन रिले केंद्र की रिक्त भूमि का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त को निर्देशित किया कि अब रिक्त भूमि पर व्यावसायिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण की योजना तैयार करें। साथ ही यहां पार्किंग भी बनाई जाएगी, रोटरी गार्डन की साफ-सफाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नेहरू स्टेडियम के संपूर्ण मैदान का निरीक्षण करते हुए एथलेटिक्स ट्रेक, बास्केटबॉल ग्राउंड एवं नियोजित ढंग से क्रिकेट मैदान तैयार करने के निर्देश दिए। स्टेडियम तथा



रोटरी गार्डन के मध्य की सड़क को भी नए सिरे से बनाया जाएगा।

कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम द्वारा मूक बधिर जनचेतना स्कूल परिसर में निर्माणाधीन वुमेन्स स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का भी निरीक्षण किया गया। लगभग 72 लाख रुपए की लागत से निर्मित किए जा रहे उक्त कांप्लेक्स में टेबल टेनिस, बैडमिंटन हॉल की सुविधा रहेगी। ठेकेदार को बुलाया गया, उसने बताया कि ड्राइंग नहीं मिल पा रही है। निगमायुक्त ने कहा कि दो दिन में ड्राइंग उपलब्ध करा दी जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी 15 मई तक निर्माण पूर्ण कर दिया जाए। कलेक्टर द्वारा मूक-बधिर जनचेतना स्कूल का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान निगम उपयंत्री सुश्री दीक्षा निजामपुरकर भी मौजूद थीं।

प्रसारण

प्रसारण 2/2/22

# दूरदर्शन केन्द्र की रिक्त भूमि पर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स बनेगा

रतलाम ● कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मंगलवार दोपहर नेहरू स्टेडियम पहुंचकर नगर निगम द्वारा निर्मित कराए गए पवेलियन का निरीक्षण किया। 3 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए पवेलियन की सुंदरता के लिए कलेक्टर ने सीढ़ियों पर कलर के निर्देश दिए। रोड साइड से लाइटिंग के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया कि रोशनी तथा सुंदरता के दृष्टिगत स्टेडियम में हाई मास्ट लगाए जाएं।

**महिला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मई तक पूरा हो जाएगा, -कलेक्टर ने किया निरीक्षण**

कलेक्टर ने स्टेडियम के आगे निर्मित रोटरी गार्डन का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा दूरदर्शन रिले केंद्र की रिक्त भूमि का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त को निर्देशित किया कि अब रिक्त भूमि पर व्यावसायिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण की योजना तैयार करें। साथ ही यहां पार्किंग भी बनाई जाएगी, रोटरी गार्डन की साफ-सफाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नेहरू स्टेडियम के संपूर्ण मैदान का निरीक्षण करते हुए एथलेटिक्स ट्रैक, बॉस्केटबॉल ग्राउंड एवं नियोजित ढंग से क्रिकेट मैदान तैयार करने के निर्देश दिए। स्टेडियम तथा रोटरी गार्डन के मध्य की सड़क को भी नए सिरे से बनाया जाएगा।

कलेक्टर द्वारा मूक बधिर जनचेतना स्कूल परिसर में निर्माणाधीन वूमेन्स स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का भी निरीक्षण किया गया। लगभग 72 लाख रुपए की लागत से निर्मित किए जा रहे उक्त कॉम्प्लेक्स में टेबल टेनिस, बैडमिंटन हॉल की सुविधा रहेगी। ठेकेदार को बुलाया गया, उसने बताया कि ड्राइंग नहीं मिल पा रही है। निगमायुक्त ने कहा कि दो दिन में ड्राइंग उपलब्ध करा दी जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी 15 मई तक निर्माण पूर्ण कर दिया जाए। कलेक्टर द्वारा मूक बधिर जनचेतना स्कूल का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान निगम की उपयंत्री सुश्री दीक्षा निजामपुरकर भी मौजूद थी। स्वदेश

स्वदेश / २/२/२२

# महिला स्पोटर्स काम्प्लेक्स का काम मई तक पूरा होगा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नेहरू स्टेडियम में नगर निगम द्वारा निर्मित नए पैवेलियिन का मंगलवार दोपहर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने रोड साइड से लाइटिंग, स्टेडियम में हाई मास्ट लगाने व मैदान में कई स्थानों पर पूर्व से मौजूद खंभों को हटाने के निर्देश निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को दिए। इसी तरह करीब तीन साल से बंद पड़े महिला स्पोटर्स काम्प्लेक्स का काम भी 15 मई तक पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्टेडियम के आगे निर्मित रोटरी गार्डन का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा दूरदर्शन रिले केंद्र की रिक्त भूमि का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त को निर्देशित किया कि अब रिक्त भूमि पर



नेहरू स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। ● नईदुनिया

व्यावसायिक शापिंग काम्प्लेक्स निर्माण की योजना तैयार करें। साथ ही यहां पार्किंग भी बनाई जाएगी। स्टेडियम के संपूर्ण मैदान का निरीक्षण करते हुए एथलेटिक्स ट्रैक, बास्केटबाल ग्राउंड एवं नियोजित ढंग से क्रिकेट मैदान तैयार करने के निर्देश दिए। स्टेडियम तथा रोटरी गार्डन के मध्य की सड़क को भी नए सिरे से बनाया जाएगा।

**ठेकेदार को दो दिन में ड्राइंग मिलेगी**

मूक बधिर जनचेतना स्कूल परिसर में निर्माणाधीन महिला स्पोटर्स काम्प्लेक्स का निरीक्षण कलेक्टर ने किया। लगभग 72 लाख की लागत से निर्मित किए जा रहे उक्त काम्पलेक्स में टेबल टेनिस, बैडमिंटन हाल की सुविधा रहेगी। ठेकेदार को बुलाने पर बताया गया कि ड्राइंग नहीं मिलने से काम अटका हुआ है। निगमायुक्त ने कहा कि दो दिन में ड्राइंग उपलब्ध करा दी जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि 15 मई तक निर्माण पूर्ण कर दिया जाए। इस दौरान निगम की उपयंत्री दीक्षा निजामपुरकर भी मौजूद रही। नई.

नईदुनिया / २/२/२२

### टीम के सुस्त परफॉर्मेंस से नाराज हुए आयुक्त झारिया

# स्पॉट टाइम टीम भंग, नई टीम करेगी दंड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर में स्वच्छता अभियान 2022 के मामले में अब नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया एक्शन मोड में आ गए हैं। मंगलवार शाम को बैठक लेकर गदंगी करने वालों सहित मास्क बगैर मिलने वालों पर जुर्माना करने वाली स्पॉट टाइम टीम को भंग कर दिया गया है। अब नई टीम बनाई जाएगी व वो अर्थदंड करेगी। असल में आयुक्त झारिया स्पॉट टाइम टीम के परफॉर्मेंस से नाराज थे।

शहर में स्वच्छता अभियान 2022 में अब बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। अब तक स्वच्छता अभियान के नाम पर वार्डों में नालियों से लेकर रोड की सफाई हो रही थी। कई बार यह शिकायत आती थी कि कचरा लेने मैजिक वाहन नहीं आया। ऐसे मामलों में कचरा संग्रहण करने वाले कर्मचारी का वेतन काट लिया जाता था, अब सीधे पहली शिकायत पर ही बर्खास्तगी की जाएगी। इतना ही नहीं, प्रतिदिन सैकड़ों रुपए का डीजल - पेट्रोल व्यय करने वाली स्पॉट टाइम टीम का भी नया गठन होगा। इसमे नए उर्जावान युवाओं को रखा जाएगा। अब तक दल पूरे शहर में घुमता था व जहां गंदगी करते हुए देखता था वहां पर मनमर्जी से जुर्माना करता था, अब टीम शहर के चार अलग-अलग जोन अनुसार कार्य करेगी। इसके अलावा दल के सदस्य मोहल्लों में भी कोई बगैर मास्क पाया गया तो 100 रुपए से लेकर 500 रुपए तक का जुर्माना करेगी। पत्रिका

पत्रिका / २/२/२२

दूरदर्शन की रिक्त भूमि पर बनेगा व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स

# रतलाम में मई तक पूरा होगा महिला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**रतलाम.** शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की हकीकत जानने के लिए मंगलवार को कलेक्टर मैदान में उतर गए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति देख समीक्षा भी की। कलेक्टर ने मूक बधिर जनचेतना स्कूल परिसर में करीब 72 लाख रुपए की लागत से बन रहे वुमेन्स स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी 15 मई तक उक्त निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया जाए।

वुमेन्स स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में टेबल टेनिस, बैडमिंटन हॉल की सुविधा रहेगी। इस संबंध में ठेकेदार को बुलाया तो उसने बताया कि ड्राइंग नहीं मिल पा रही है। इस पर निगमायुक्त ने कहा कि अगले दो दिन में ड्राइंग उपलब्ध करा दी जाएगी। कलेक्टर ने मूक बधिर जनचेतना स्कूल का निरीक्षण भी किया। उसके साथ ही नेहरू स्टेडियम पहुंचकर नगर निगम द्वारा निर्मित कराए गए पवेलियन को देखा। तीन करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए पवेलियन की सुंदरता के लिए कलेक्टर ने सीढ़ियों पर कलर के निर्देश दिए।

## यह भी कही बात

कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि रोड साइड से लाइटिंग की व्यवस्था की जाए। मैदान को देख कलेक्टर ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया कि रोशनी तथा सुंदरता के दृष्टिगत स्टेडियम में हाई मास्ट लगाए जाएं। मैदान में कई स्थानों पर पूर्व से मौजूद खंभों को हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्टेडियम के आगे निर्मित रोटरी गार्डन भी देखा। इस दौरान निगम की उपयंत्री दीक्षा निजामपुरकर भी मौजूद थी।

## व्यावसायिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की योजना

दूरदर्शन रिले केंद्र की रिक्त भूमि का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त को निर्देशित किया कि अब रिक्त भूमि पर व्यावसायिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण की योजना तैयार करें। साथ ही यहां पार्किंग भी बनाई जाएगी, रोटरी गार्डन की साफ-सफाई कराई जाए। कलेक्टर ने नेहरू स्टेडियम के संपूर्ण मैदान का निरीक्षण करते हुए एथलेटिक्स ट्रैक, बास्केटबॉल ग्राउंड एवं नियोजित ढंग से क्रिकेट मैदान तैयार करने के निर्देश दिए। स्टेडियम तथा रोटरी गार्डन के मध्य की सड़क को भी नए सिरे से बनाया जाएगा।

पत्रिका।

पत्रिका / 2/2/22

---

प्लान बनाने के निर्देश

# दूरदर्शन केंद्र की रिक्त भूमि पर बनेगा व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स

रतलाम | बंद हो चुके दूरदर्शन रिले केंद्र की रिक्त भूमि पर व्यावसायिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनेगा। इसकी अलग पार्किंग होगी। मंगलवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने योजना तैयार करने के आदेश दिए हैं।

कलेक्टर दोपहर को नेहरू स्टेडियम के नवनिर्मित पैवेलियन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। 3 करोड रुपए की लागत से बने पैवेलियन की सुंदरता के लिए कलेक्टर ने स्टेप्स पर कलर करने, रोड साइड से लाइटिंग, हाईमास्ट लगाने, पहले से लगे खंभों को हटाने, मैदान में एथलेटिक्स ट्रेक, बास्केटबॉल ग्राउंड व नियोजित ढंग से क्रिकेट मैदान तैयार करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर ने रोटरी गार्डन पहुंचकर सफाई कराने को कहा। स्टेडियम तथा रोटरी गार्डन के बीच वाली की सड़क नई बनेगी। इस दौरान कलेक्टर ने मूक बधिर जनचेतना स्कूल परिसर में निर्माणाधीन वुमेंस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का भी निरीक्षण किया। लगभग 72 लाख रुपए की लागत से बन रहे कॉम्प्लेक्स में टेबल टेनिस, बैडमिंटन हॉल बनेगा। कलेक्टर ने ठेकेदार को बुलाया पूछा तो उसने बताया ड्राइंग नहीं मिल पा रही है। इस पर निगम आयुक्त सोमनाथ

भास्कर

दै. भास्कर 2/2/22

कर जमा होने के लक्ष्य से काफी पीछे है निगम

# प्रचार का अभाव, वार्डों में नहीं पहुंच पा रहे कर जमा करने

पत्रिका डेटा डिकोडेड

रतलाम. शहर में नगर निगम ने विभिन्न प्रकार के बकाया कर जमा करने के लिए शिविर का आयोजन किया हुआ है। इसका पर्याप्त प्रचार होने के चलते शिविर में भीड़ नहीं आ रही है। ऐसे में कई बार तो शिविर समाप्त होने के अगले दिन आमजन को पता चल रहा है कि उनके वार्ड में शिविर का आयोजन हुआ था। इससे तय लक्ष्य के काफी पीछे नगर निगम कर वसूली में चल रहा है। अब तक 17,23,958 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

निगम ने तय लक्ष्य के मुकाबले संपत्तिकर 59.68 लाख व जलकर 12.80 लाख की बकाया राशि वसूलने में सफलता पाई है। शहर में घरेलू पेयजल के करीब 36 हजार तो 63 हजार आवास के उपभोक्ता है जो कर देते है। निगम के अनुसार नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर आयोजित किये गये है जो 3 मार्च 2022 तक चलेंगे।

## शहर विकास के लिए जरूरी है

शहर का विकास व विभिन्न योजनाएं मिलने वाले कर की राशि से पूरी होती है। शहर के प्रत्येक व्यक्ति की यह जवाबदेही है कि वो समय पर कर का भुगतान करें।

**- विकास सोलंकी,** उपायुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 2/2/22



# दूरदर्शन की खाली जमीन पर बनेगा व्यावसायिक काम्प्लेक्स

## महिला स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स मई तक होगा पूरा, पार्किंग भी बनेगी

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

3 करोड रुपए की लागत से बनाए गए पवेलियन की सुंदरता के लिए कलेक्टर ने सीढ़ियों पर कलर के निर्देश दिए। रोड साइड से लाइटिंग के भी निर्देश दिए। यह बातें कलेक्टर कुमार पुरुषोतम ने मंगलवार दोपहर नेहरू स्टेडियम पहुंचकर नगर निगम द्वारा निर्मित कराए गए पवेलियन का निरीक्षण करते हुए कही।

नेहरू स्टेडियम मैदान का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने मौजूद निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया कि रोशनी तथा सुंदरता के दृष्टिगत स्टेडियम में हाई मास्ट लगाए जाएं। मैदान में कई स्थानों पर पूर्व से मौजूद खंभों को हटाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्टेडियम के आगे निर्मित रोटरी गार्डन का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा दूरदर्शन रिले केंद्र की रिक्त भूमि का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त को निर्देशित किया कि अब रिक्त भूमि पर व्यावसायिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण की योजना तैयार करें। साथ ही यहां पार्किंग भी बनाई जाएगी, रोटरी गार्डन की साफ-सफाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नेहरू स्टेडियम के संपूर्ण मैदान का निरीक्षण करते हुए एथलेटिक्स ट्रेक, बास्केटबॉल ग्राउंड एवं नियोजित ढंग से क्रिकेट मैदान तैयार करने के निर्देश दिए। स्टेडियम तथा रोटरी गार्डन के मध्य की सड़क को भी नए सिरे से बनाया जाएगा।

### 72 लाख से महिला खिलाड़ियों को मिलेगी सौगात

कलेक्टर द्वारा मूक बधिर जनचेतना स्कूल परिसर में निमार्णाधीन वुमेन्स स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का भी निरीक्षण किया गया। लगभग 72 लाख रुपए की लागत से निर्मित किए जा रहे उक्त कांप्लेक्स में टेबल टेनिस, बैडमिंटन हॉल की सुविधा रहेगी। ठेकेदार को बुलाया गया, उसने बताया कि ड्राइंग नहीं मिल पा रही है। निगमायुक्त ने कहा कि दो दिन में ड्राइंग उपलब्ध करा दी जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी 15 मई तक निर्माण पूर्ण कर दिया जाए। कलेक्टर द्वारा मूक बधिर जनचेतना स्कूल का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान निगम की उपयंत्री दीक्षा निजामपुरकर भी मौजूद थी।

दबंग दुनिया / २/२/२२

# स्वच्छता संकल्प माह के रूप में मनाया जाएगा फरवरी माह

रतलाम। फरवरी-2022 को स्वच्छता संकल्प माह के रूप में मनाया जाएगा। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि स्वच्छता संकल्प माह एक से 28 फरवरी तक आयोजित होगा। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में प्रत्येक निकाय को ओडीएफ++ प्रमाणीकरण प्राप्त करने, गार्बेज-फ्री सिटी की स्टार रेटिंग में नगर निगमों को 5-स्टार तथा अन्य नगरीय निकायों को न्यूनतम 3-स्टार प्राप्त करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण की प्रेरक दौड़ श्रेणी में सभी निकायों को कम से कम गोल्ड/सिल्वर प्राप्त करने के निर्देश भी दिये हैं। स्वच्छता संकल्प माह-2022 के लिये जारी कैलेंडर में एक से 5 फरवरी तक थीम स्टार रेटिंग, 6 से 10 फरवरी तक ओडीएफ++, 11 से 15 फरवरी तक सिटीजन फीडबैक और एंगेजमेंट, 16 से 20 फरवरी तक समस्त अधो-संरचना निर्माण गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। इस दौरान 16 से 20 फरवरी तक एफएसटीपी का मटेरियल रिकवरी केन्द्रों, कम्पोस्टिंग इकाइयों और सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा 21 से 25 फरवरी तक संवाद, समीक्षा एवं अधो-संरचनाओं का लोकार्पण, 25 से 27 फरवरी तक स्वच्छ सर्वेक्षण और 28 फरवरी को समापन गतिविधि की जायेगी। समापन दिवस पर नगरीय निकायों की टीम कचरा संग्रहण वाहनों के साथ नगर में भ्रमण करेगी। यह दिन पृथक्कीकृत कचरा संग्रहण दिवस के रूप में आयोजित किया जाएगा। साथ ही वार्डों में कचरा संग्रहण वाहनों के चालकों और सहयोगियों को शॉल, श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा। रतलाम

स्वतंत्र रतलाम 2/2/22

# जारी रहेगी प्रशासन की मुहिम : कलेक्टर बोले- भू माफिया, अवैध धंधेबाजो और गुंडा तत्वों को नहीं मिलेगी राहत

**सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम**

प्रशासन की गुंडा तत्वों और भू माफियाओं पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी क्यासों पर विराम लगाते हुए कहा है कि प्रशासन की प्रशासन की मुहिम निरंतर जारी रहेगी । गौरतलब है कि रतलाम में बीते दिनों पुलिस और प्रशासन द्वारा गुंडा तत्वों और भू माफियाओं के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही थी। जिसके बाद एसपी गौरव तिवारी के स्थानांतरण होने के बाद यह कयास लगाए जा रहे थे कि प्रशासन की मुहिम अब बंद हो जाएगी। लेकिन रतलाम कलेक्टर ने स्पष्ट कहा है कि प्रशासन की मुहिम लगातार जारी रहेगी। जिले में गुंडा तत्व, अवैध निर्माण करने वाले और व्हाइट कॉलर माफिया पर प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

दरअसल रतलाम जिले में भू माफियाओं, अवैधधंधों और बदमाशों पर पुलिस और प्रशासन की मुहिम चल रही है। लेकिन रतलाम एसपी गौरव तिवारी के स्थानांतरण होने के बाद माफिया जगत ने राहत की सांस ली थी। लेकिन कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी क्यासों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि प्रशासन की मुहिम निरंतर जारी रहेगी। हालांकि कलेक्टर ने बताया कि अवैध निर्माण के मामले में शासन की नीति के अनुसार यदि कंपाउंडिंग नियमों के अंतर्गत यदि कोई निर्माण कार्य आता है तो ऐसे मामलों में निर्माणकर्ता को राहत दी जा सकेगी।



सिंघम-1

सिंघम 1/2/22